उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित टीम उपनिरीक्षक श्यामजी द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 207/2022 धारा 452/308/323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण 1.साहब सिंह पुत्र रघुवीर यादव उम्र करीब 20 वर्ष 2.चरन सिंह पुत्र रघुवीर उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ग्राम मझगवाँखुर्द थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम मझगवाँखुर्द से गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्यामजी यादव थाना अजनर जनपद महोबा ।

2.कां0 सुधीर कुमार थाना अजनर जनपद महोबा ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.साहब सिंह पुत्र रघुवीर यादव उम्र करीब 20 वर्ष 2.चरन सिंह पुत्र रघुवीर उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ग्राम मझगवाँखुर्द थाना अजनर जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## एण्टीरोमियो स्क्वाड द्वारा छात्राओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक !!

उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदवार गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज दिनांक 28.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित एण्टीरोमियो दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों एवं ग्रामों में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।

जिसमें मिशनशक्ति के तहत एण्टीरोमियो दल ने बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पावर लाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, महिला सहायता- 181, यूपी 112 साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।








## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित टीम उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी द्वारा मु0सं0 325/2013 धारा 323/504/506 भादवि थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त बौरा पुत्र जमुना उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जिला महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार कर सक्षम माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

बौरा पुत्र जमुना उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी
2. कां0 बिपिन कुमार यादव



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **28.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **566** वाहनो के ई-चालान किये गये।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय में जनपद के समस्त थानों के हेड मोहर्रिर व पैरोकार के साथ गोष्ठी कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

आज दिनांक 28.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपद के समस्त थानों के पैरोकार व हेड मोहर्रिर की मीटिंग ली गई, जिसमें उनको न्यायालय व थानों से संबंधित समस्त रजिस्टर अपडेट करते हुए न्यायालय में समय से गवाही करवाने व गंभीर एवं विशेष अपराधों में विधिवत पैरवी करने के संबंध में निर्देशित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि सभी थानों के हेड मोहर्रिर व पैरोकार सभी थानों पर लम्बित मालो से सम्बन्धित अभियोगों के माननीय न्यायालय से परिणाम ज्ञात करते हुए पर्चा फैसला की प्रति सदर मालखाने में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे सदर मालखाने में लम्बित मालों का शीघ्र निस्तारण कराया जा सके एवं सदर मालखाना के मालों के निस्तारण के उपरांत आपके थानों पर लम्बित मालों को सदर मालखला में नियमानुसार दाखिल कराया जा सके ।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गूगल मीट के माध्यम से समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ वर्चुअल गोष्ठी की गयी जिसमें जनपद में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

आज दिनांक 28.11.2022 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह ने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों के साथ वर्चुअल गोष्ठी की गयी जिसमें यातायात माह नवम्बर एवं सडक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न अभियानों व जन-जागरुकता कार्यक्रमों व जनपद में यातायात सुगम बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, शहर क्षेत्र में जहां ट्रैफिक अधिक रहता है वहां वन-वे व्यवस्था लागू करने के प्रयासों एवं की समीक्षा की गयी ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं जिसमें जनपद के विभिन्न विधालयों में जागरुकता कार्यक्रमों ,शहर व स्कूलों के पास निर्धारित गति सीमा सुनिश्चित करना , शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही व दोपहिया वाहनों पर हेलमेट के प्रयोग सम्बन्धी चलाये जा रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।





महोबा पुलिस